NT>

Title: Need for completion of Nabinagar Super Thermal Power Project in Aurangabad, Bihar during Ninth Five Year Plan.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) (बिहार): सभापति महोदया, मैं मध्य बिहार के अत्यन्त पिछड़े एवं उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र औरंगाबाद से प्रतिनिधित्व करता हूं। यह क्षेत्र बिजली, सड़क, सिंचाई एवं कानून और व्यवस्था के मामले में चिन्ताजनक स्थिति में है। कार्य के अभाव में भुखमरी की समस्या है। लोग काम की तलाश में गुजरात, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली की ओर भाग रहे हैं। औसत से ज्यादा गरीबी इस क्षेत्र में है। यहां एक विद्युत परियोजना नबीनगर सुपर थर्मल पावर के निर्माण का प्रस्ताव दस वर्षों से विचाराधीन है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री से मांग करता हूं कि इस अत्यन्त पिछड़े इलाके के एवं बिहार के विकास के लिए प्रस्तावित नबीनगर सुपर थर्मल पॉवर परियोयजना को नौवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत ही पूर्ण कराया जाए।